## महत्वपूर्ण एवं खास

### कांग्रेस की दूसरी सूची जारी, रमन सिंह के खिलाफ करूणा शुक्ला लड़ेगी चुनाव

**पहले चरण के लिए रूके हुए शेष 6 प्रत्याशियों के नाम घोषित**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य में पहले चरण में 18 विधानसभा सीट पर होने वाले चुनाव के लिए कांग्रेस ने सोमवार को दूसरी सूची भी जारी कर दी। इस सूची में 6 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। इससे पहले कांग्रेस पहली सूची में 12 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर चुकी है। कांग्रेस की दूसरी सूची में राजनांदगांव विधानसभा सीट से श्रीमती करूणा शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है जो मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के खिलाफ मैदान में उतरेंगी।

### 1 करोड़ 96 लाख 23 हजार रूपये नगद तथा करीब डेढ़ करोड़ कीमत की शराब व अन्य सामग्री जब्त

**आचार संहिता लगने के दिन से 20 अक्टूबर तक की कार्रवाई**

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में आचार संहिता भी लागू है। आचार संहिता लागू होने के दिन से लेकर 20 अक्टूबर की स्थिति तक प्रदेश में निर्वाचन आयोग द्वारा गठित की गई विभिन्न विभागों की टीम द्वारा 1 करोड़ 96 लाख 23 हजार रूपये नगद राशि के अलावा 35 लाख 15 हजार 618 रूपये की शराब एवं 1 करोड़ 18 लाख 21 हजार 613 रूपये कीमत के अन्य सामग्री जब्त किया गया है। इस तरह नगदी समेत कुल 3 करोड़ 49 लाख 79 हजार 861 रूपये की सामग्री जब्त की गई है।

### सूने मकान से 80 हजार के सोने-चांदी के जेवर की चोरी

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में सेंधमारी के मामले घटने की बजाय दिनोंदिन बढ़ रहे हैं। एक ही रात दो किराएदार के मकान का ताला टूटने की रिपोर्ट सोमवार को पुलिस से की गई है। गुढियारी के बम्लेश्वरी नगर वार्ड नंबर-3 में ललित खुराना के जनता कालोनी के स्थित मकान में रहने वाले किराएदार के बाहर होने से चोरों ने धावा बोलकर मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए के माल पार कर दिए। घटना शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे की होगी है। शालू ऐडे पति राजू ऐडे जब सोमवार की सुबह तड़के 3 बजे नागपुर से लौटकर अपने रायपुर के मकान में पहुंचे तो बाउण्ड्रीवाल का ताला लगा था। घर का दरवाजा का ताला टुटा हुआ था। अन्दर से कुण्डी बंद था। आरोपियों ने घर के सामने लगे कैमरा को भी तोड़ दिया था। और पीछे के दरवाजा की ओर जाकर देखने पर दरवाजा खुला था। अन्दर का कैमरा तथा गैलरी का कैमरा टूटा हुआ। कैमरे में वारदात के फुटेज होने की रिकार्ड डीव्हीआर में होने पर चोरी कर ले गया।

### दो राज्यों को बना कर उल्लू, छत्तीसगढ़ में हुंकार भर रहे हैं कांग्रेस के गुड्डू : अमित जोगी

**राहुल और मोदी में अगर हिम्मत है तो जोगी की तरह स्टाम्प पेपर में लिख कर दें पहले दिन ऋण माफी की बात**

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा आज राजधानी रायपुर में किसानों से ऋण माफी की बात करने को ढोंग और हास्यपद बताते हुए मरवाही विधायक अमित जोगी ने कहा कि उधर पंजाब और कर्नाटक के किसान, कांग्रेस के विरुद्ध हुंकार भर रहे हैं और इधर राहुल छत्तीसगढ़ में हुंकार रैली कर रहे हैं। वास्तव में आज राहुल जी की हुंकार नहीं बल्कि हुकारु रैली थी। दो राज्यों को बना के उल्लू, छत्तीसगढ़ में हुंकार भर रहे हैं कांग्रेस के गुड्डू।

### कंप्यूटर बाबा संतों के समागम में मन की बात के जरिए शिवराज सरकार पर साधेंगे निशाना

भोपाल। इस साल ही मध्य प्रदेश सरकार ने पांच संतों को राज्यमंत्री का दर्जा देकर नई बहस की शुरुआत की थी। तब इसे मध्य प्रदेश बीजेपी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का



एक महत्वाकांक्षी कदम माना जा रहा था, लेकिन अब इन्हीं में से एक संत की नाराजगी ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव से ऐन पहले सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार की कार्यप्रणाली से नाराज कंप्यूटर बाबा ने पिछले दिनों ही राज्यमंत्री के दर्जे से इस्तीफा दिया था और अब वह सीएम को खुली चुनौती दे रहे हैं। कंप्यूटर बाबा संतों के समागम में मन की बात के जरिए शिवराज सरकार पर निशाना साधेंगे। कंप्यूटर बाबा यह अभियान मंगलवार से इंदौर में शुरू कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसके बाद कंप्यूटर बाबा ग्वालियर में 30 अक्टूबर, खांडवा में 4 नवंबर, 11 नवंबर को रीवा और 23 नवंबर को जबलपुर में संतों से मुलाकात करेंगे। कंप्यूटर बाबा को मनाने में जुटी बीजेपी, यहां वह नर्मदा में अवैध खनन और गोरक्षा जैसे मामलों पर चर्चा करेंगे। प्रदेश में वैसे ही विधानसभा चुनाव का माहौल है ऐसे में बीजेपी के माथे पर शिकन होना लाजमी है। ऐसे में बीजेपी भी नाराज कंप्यूटर बाबा को मनाने के प्रयास में जुटी है। खबरों की मानें तो बीजेपी इसके लिए दूसरे राज्यों के बड़े-बड़े संतों को कंप्यूटर बाबा के पास भेजने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीजेपी जूनापीठ के पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी को कंप्यूटर बाबा के पास भेजने वाली है।

# डॉ. रमन सिंह ने किया अपना नामांकन पत्र जमा

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, सांसद अभिषेक सिंह भी रहे उपस्थित



रायपुर (आरएनएस)। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए राजनांदगांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए आज मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह सहित भाजपा के 6 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया है। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष रूप से उपस्थित थे।

डॉ. रमन सिंह ने नामांकन पत्र जमा करने के पूर्व योगी आदित्यनाथ, पुत्र अभिषेक सिंह, पत्नी वीणा सिंह के साथ माता देवालय पहुंचकर देवी मां की पूजा-अर्चना की और स्वयं के साथ ही भाजपा की जीत की कामना की। माता देवालय से पूजा-अर्चना करने के पश्चात उनका काफिला सीधे कलेक्टोरेट पहुंचा और यहां जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। डॉ. रमन सिंह के साथ ही डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से मधुसूदन यादव, डोंगरगढ़ से सरोजनी बंजारे, खुज्जी से हिरेन्द्र साहू, मोहला-मानपुर से कंचन माला भूआर्य और खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में कोमल जंघेल ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सांसद अभिषेक सिंह भी उपस्थित थे।

### रमन के नेतृत्व में फिर से बनेगी भाजपा की सरकार : योगी आदित्यनाथ

**सीएम के नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे यूपी के सीएम**

आज मंगलवार को डा. रमन सिंह विधानसभा चुनाव के लिए राजनांदगांव सीट से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ आज डा. रमन सिंह के नामांकन रैली में शामिल होंगे। योगी आज राजधानी रायपुर पहुंचे और यहां से राजनांदगांव के लिए रवाना हो गए। राजनांदगांव के म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड से नामांकन रैली निकाली जाएगी। करीब 1 घंटे के रोड शो का कार्यक्रम रखा गया है। नामांकन रैली करीब 1 बजे कलेक्टोरेट पहुंचेगी। यहां राजनांदगांव जिले के 6 विधानसभा प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन प्रक्रिया करीब 2 बजे तक समाप्त होने की संभावना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि-छत्तीसगढ़ मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्रीराम का ननिहाल है, तो यहां आना मेरे लिए खुशी की बात है। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा यहां फिर से सरकार बनाएगी।

### योगी आदित्यनाथ पहुंचे शीतला मंदिर, मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के साथ की पूजा-अर्चना

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के साथ उनके नामांकन दाखिले में शामिल होने के बाद सीधे शीतला मंदिर पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भाजपा की जीत का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उनके साथ सीएम डॉ. रमन सिंह, सांसद अभिषेक सिंह, महापौर व डोगरगांव से विधायक प्रत्याशी मधुसूदन यादव समेत वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कुछ ही देर में योगी आदित्यनाथ नगर निगम मैदान स्थित नामांकन सभा में पहुचेंगे। यहां योगी आदित्यनाथ सभा को संबोधित करेंगे।

### पालक ऐसे घटाता है चर्बी, हृदय रोगी के लिए भी होता है फायदेमंद



आमतौर पर पालक को केवल हिमोग्लोबिन बढाने वाली सब्जी माना जाता है। बहुत कम लोग जानते हैं, कि इसमें इसके अलावा भी बहुत से गुण विद्यमान है। पालक में कैलोरी, प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, फैट और खनिज लवण होता है। साथ ही पालक में विभिन्न खनिज लवण जैसे कैल्शियम, आयरन तथा विटामिन ए, बी, सी आदि प्रचुर मात्रा में पाया जाते हैं। तो आइये हम आपको पालक के कुछ ऐसे ही अद्भतु गुणों के बारे में बताते हैं उसके पश्चात आप जान सकेंगे कि आप पालक क्यों खायें।

पालक के रस में गाजर का रस मिलाकर पीने से चर्बी कम होने लगती है या फिर पालक के रस में नींबू का रस मिलाकर पीने से मोटापा दूर होता है।

ताजा हरा पालक एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों, विशेष रूप से विटामिन सी और बीटा कैरोटीन से भरपूर होता है जो हृदय स्वास्थ्य को बढावा देता है। एंटी-ऑक्सिडेंट, कोलेस्ट्रॉल के हानिकारक ऑक्सीकरण को रोकते हैं।

पालक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि बालों के लिए भी बहुत अच्छा होता है, जो लोग बाल गिरने की समस्या से परेशान हैं उन्हें पालक को अपने नियमित आहार में शामिल करना चाहिए। क्योंकि पालक शरीर में आयरन की कमी को पूरा करके बालों को गिरने से रोकता है।

पालक का सेवन करने से हृदय रोग में भी फायदा होता है। इसके लिए आधा चम्मच चौलाई का रस, एक चम्मच पालक का रस और एक चम्मच नींबू का रस तीनों को मिलाकर सुबह नियमित रूप से सेवन करने से हृदय रोगी को लाभ होने लगेगा।

### दीपावली की तैयारियों के चलते सराफा बाजार में रौनक

**नई डिजाईन के गहने युवतियों को भा रहे**

रायपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश भर में दीपावली का त्यौहार 7 नवंबर को धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्तिक अमावस्या के दिन लक्ष्मी पूजा को ध्यान में रखकर शहर के सदर बाजार एवं विभिन्न माल्स में नई गहनों की रेंज युवतियों के गले की शोभा बनने के लिए आ गई है।



सदर बाजार स्थित उज्जवल ज्वेलर्स के संचालक मनीष शर्मा, रुकमणी ज्वेलर्स के संचालक सुनील सोनी, गोलछा ज्वेलर्स के संचालक गौतम गोलछा ने प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष टीवी सीरियल में एवं नई फिल्मों नायिकाओं द्वारा पहने जा रहे ज्वलरी की रेंज लगभग सभी सराफा दुकानों में पहुंच चुकी है। दीपावली को देखते हुए सराफा बाजार उपभोक्ताओं की मांग के अनुरुप सज चुके है। एटी के संचालक तिलोकचंद्र बरड़िया ने बताया कि डायमंड ज्वेलरी की नई रेंज में नक्षत्र डायमंड ज्वेलरी ने युवतियों के लिए नई रेंज के गहने बनाये है। शाम से देर रात तक युवतियां गहनों की खरीद फरोख्त के लिए दुकानों में पहुंच रही है।

### नकली पुलिस पकड़ाया

**पुलिस बन डेढ़ साल तक पुलिस को ही करता रहा गुमराह**



जगदलपुर. डेढ़ वर्ष से वर्दीधारी सब इंस्पेक्टर बनकर अवैध वसूली करने वाले अमितेश झा निवासी अनुपमा चौक का पर्दाफाश हो गया है। इतने समय तक पुलिस की नाक के नीचे रहकर गुमराह करने वाले इस शख्स को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

खुद को वर्ष 2011 में आयोजित पुलिस सेवा परीक्षा में उतीर्ण बताकर लंबे समय से सब इंस्पेक्टर का काम करने वाले अमितेश झा को पुलिस अधिकारी खुद अपने साथ लिए घुमते थे। इसने पुलिस की वर्दी, टोपी, टू-स्टार, वायरलेस सेट तक इशु करवा लिया था। वह रोजाना ही बोधघाट थाना, कोतवाली, परपा और पुलिस अधिकारियों के मुख्यालय में बेरोकटोक आना जाना करता था। सभी थानों में इसकी पैठ इतनी जम चुकी थी, कि कनिष्ठ पुलिस कर्मचारी भी इसे सलाम ठोंका करते थे। यहां तक पुलिस से सुरक्षित और संवेदनशील सायबर सेल व डायल 112 में भी इसका उठना बैठना था।

**एलआईबी, एसआईबी के आंखों में भी दिया चकमा**

माओवाद प्रभावित बस्तर में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए अमितेश झा ने एलआईबी, एसआईबी, क्राइम ब्रांच सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों भी उसे नहीं पहचान पाई। विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ उसका मेल-मिलाप दिनरात रहता था।

**हाई प्रोफाइल मामले की चर्चा**

इस मामले में पुलिस पर भी सवाल उठने लगे हैं। बिना किसी संरक्षण के आखिरकार कोई व्यक्ति इतने समय तक आंख में कैसे धूल झोक सकता है, इस बात की चर्चा शहर में है।

### दोस्त की भतीजी से दुष्कर्म

कोरबा (आरएनएस)। नगर निगम में के ड्राइवर के पद पर तैनात युवक ने दोस्त की भतीजी को बहाने से ले गया। फिर उसका अपहरण कर लिया। आरोपी ने किशोरी को दो दिन तक सूने मकान में बंधक बनाए रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। नगर पालिका निगम कोरबा में शहर का याकूब खान ड्राइवर है। वर्तमान में वह स्वच्छता विभाग के एक अफसर की गाड़ी चलाता है। शुक्रवार को दशहरा के दिन वह शाम को शहर में रहने वाले दोस्त के घर पहुंचा जहां दोस्त की 16 वर्षीय भतीजी थी। याकूब उसे चाचा दशहरा देखने के लिए बुला रहे हैं कहकर अपने साथ बहाने से बुला ले गया।

### रेलवे ने दी डिजिटल कॉपी को बतौर आईडी मान्यता


कोरबा (आरएनएस)। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने डिजिटल लॉकर में अपलोड किए गए आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस की सॉफ्ट कॉपी को पहचान पत्र के रूप में स्वीकृति दी है। ट्रेन में यात्रा के दौरान पहचान सुनिश्चित करने डीजी लॉकर में उपलब्ध आधार व डीएल की डिजिटल कॉपी को बतौर आइडी मान्यता प्रदान की है।

इस सुविधा के प्रारंभ होने से ट्रेन में सफर के दौरान पहचान बताने यात्रियों को परिचय पत्र की हार्डकॉपी संभालने परेशान नहीं होना होगा।

### दीपावली में केवल दो घंटे फूटेंगे पटाखे

**सुप्रीम कोर्ट ने अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों की बिक्री पर लगाई रोक**

रायपुर (आरएनएस)। इस वर्ष दीपावली में केवल दो घंटे ही पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अत्यधिक आवाज और धुंआ छोड़ने वाले पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी तरह नववर्ष में केवल 45 मिनट ही पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। सूत्रों ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से इंकार करते हुए ऐसे पटाखों के विक्रय को मंजूरी दी है जिससे कम प्रदूषण होता है।



### दूसरे चंद्रमा मिशन चंद्रयान 2 में इस बार साथ जाएंगे ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर

अहमदाबाद। अहमदाबाद की फिजिकल रिसर्च लेबोरेट्री (पीआरएल) ने भारत के दूसरे चंद्रमा मिशन चंद्रयान-2 के लिए तीन पेलोड विकसित किए है। इस बार इसमें एक ऑर्बिटर, एक लैंडर और एक रोवर होगा। भारत का चांद के लिए पहला अभियान अक्टूबर 2008 में गया था और अब दूसरे अभियान का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। पीआरएल के निदेशक डॉ. अनिल भारद्वाज ने बताया, 'पीआरएल ने चंद्रयान-2 के लिए तीन पेलोड विकसित किए हैं। ऑरबिटर में पीआरएल में विकसित किया गया एक सौर एक्स मॉनिटर होगा। यह सूरज से आने वाली एक्सरे और चंद्रमा की सतह से सृजित होने वाली एक्सरे पर निगाह रखेगा।'



भारद्वाज ने यह बात पीआरएल परिसर में आयोजित एक्वेटोरियल एयरोनॉमी पर 15वीं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी से इतर पत्रकारों से बातचीत में कही।

**अंतरिक्ष विभाग की इकाई है पीआरएल**

बता दें कि पीआरएल अंतरिक्ष विभाग की एक इकाई है, जिसकी स्थापना 1947 में की गई। उन्होंने बताया, 'लैंडर पर 'चंद्राज सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट' (चैस्ट) होगा। यह उपकरण है, जो चांद की सतह के नीचे जाकर तापमान मापेगा। यह चांद पर लैंडर के उतरने के बाद काम करेगा।' चैस्ट, चंद्रयान-2 अभियान के दौरान चांद की सतह पर किए जाने वाले वैज्ञानिक प्रयोगों में से एक है। भारद्वाज ने बताया कि चांद की सतह पर लैंडर के उतरने के बाद रोवर उससे निकलेगा और सतह पर इधर-उधर घूमेगा। पीआरएल ने उसके लिए एक विशेष उपकरण विकसित किया है, जिसका नाम 'अल्फा पार्टिकल एक्सरे स्पेक्ट्रोमीटर' है।

उन्होंने बताया कि इसका डिजाइन चांद की सतह पर मौजूद विभिन्न तत्वों और रासायनिक यौगिकों की पहचान के लिए किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण अगले साल जनवरी और मार्च के बीच किया जा सकता है।

भारद्वाज ने बताया कि आवेशित कणों की पैमाइश के लिए भी एक उपकरण विकसित किया गया है।

### दीपिका-रणवीर के बाद कपिल शर्मा ने की अपनी शादी की डेट कन्फर्म

बॉलिवुड में इन दिनों शादी-विवाह का माहौल बन गया। प्रियंका चोपड़ा-निक जोनस, दीपिका पादुकोण-रणवीर सिंह के अलावा कमीडियन कपिल शर्मा की शादी की खबर भी सुर्खियों में है।



कपिल शर्मा ने एक बातचीत में अपनी शादी की डेट कन्फर्म करते हुए कहा, शादी 12 दिसंबर को गिन्नी (कपिल की होने वाली पत्नी) के होम टाउन जालंधर में होगी। हम इस समारोह को बेहद सिंपल रखना चाहते थे, लेकिन गिन्नी अपने माता-पिता की इकलौती बेटी है, इसलिए उनका परिवार इस शादी को धूम-धाम से करना चाहता है। मैं उनकी भावनाओं को समझता हूं। मेरी मां भी यही चाहती है।

कपिल बताते हैं, जब मेरे भाई की शादी हुई थी तब मेरी कमाई ज्यादा नहीं थी, इसलिए हम बहुत छोटी सी बरात लेकर गए थे और भाभी को घर लाए थे। जब मेरी बहन की शादी हुई तब मेरी कमाई अच्छी-खासी थी और वह शादी हमारे रहन-सहन के हिसाब से काफी शानदार थी।

कपिल जल्द की अपने कॉमिडी शो में भी वापसी करने वाले हैं। उन्होंने अपने शो पर तेजी से काम करना भी शुरू कर दिया है।